हरिभूमि
जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 7 अक्टूबर 2026
[पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा]

तापमान

अधिकतम 28.2 डिग्री

न्यूनतम 20.2 डिग्री

4
नर्मदोत्सव में कथक से लोकनृत्य तक सजी सांस्कृतिक शाम



औद्योगिक सुरक्षा एवं फायरमैन अग्निशमन प्रशिक्षण के द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें : फायर सेफ्टी

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं



विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)
संपर्क करें: मो. 7697212782
Advt.

खबर संक्षेप

सीएम हेल्पलाइन 1076 से पेयजल समस्या का समाधान



जशपुरनगर। आम नागरिकों की समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने व उनके त्वरित निराकरण के लिए सीएम हेल्पलाइन-1076 प्रभावी माध्यम के रूप में कार्य कर रही है। हेल्पलाइन के माध्यम से प्राप्त शिकायतों को संबंधित विभागों तक पहुंचाकर समयबद्ध निराकरण की कार्रवाई की जा रही है। जशपुर जिले के फरसाबहार विकासखंड के ग्राम तपकरा निवासी ओम प्रकाश ने 26 अगस्त 2026 को सीएम हेल्पलाइन-1076 पर गांव में पेयजल समस्या को लेकर शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि गांव में लगभग 15 दिनों से पेयजल की समस्या बनी हुई है। मोटर और पाइपलाइन से संबंधित समस्या के कारण करीब 200 घर-परिवार प्रभावित थे। शिकायत प्राप्त होने के बाद संबंधित विभाग की ओर से तत्काल कार्रवाई की गई। ग्राम तपकरा में जलापूर्ति के लिए संचालित रेट्रो जल प्रदाय योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत द्वारा नया मोटर लगाया गया, जिसके बाद जलापूर्ति वापस बहाल कर दी गई। जलापूर्ति बहाल होने से पेयजल समस्या से प्रभावित करीब 200 घर-परिवारों को राहत मिली। शिकायत के निराकरण के बाद शिकायतकर्ता ओम प्रकाश की संतुष्टि की भी पुष्टि की गई।

मानव सेवा रत्न सम्मान प्राप्त करने पर प्राचार्य खान का स्वागत



जशपुरनगर। शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में 4 अक्टूबर को आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में शाउमा विद्यालय बासनताला के प्राचार्य एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी मोहम्मद रईसुल हसन खान को 'मानव सेवा रत्न सम्मान' से सम्मानित किया गया। सम्मान मिलने पर विद्यालय परिवार ने प्राचार्य खान का पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर खान ने सम्मान के लिए सभी का आभार जताते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनके माता-पिता की दुआओं, हितैषियों, शिक्षक परिवार और कर्मचारियों के सहयोग का परिणाम है। खान ने सम्मान का श्रेय सेवानिवृत्त प्राचार्य विनय प्रभा खलखो को भी दिया।

शासकीय राशन दुकान से 50 हजार के खाद्यान्न की चोरी



दरिमा। ग्राम पंचायत बेलखरिखा स्थित शासकीय राशन दुकान का ताला तोड़कर चोरों ने 50 हजार से अधिक का खाद्यान्न पार कर दिया। राशन दुकान संचालक ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। राशन दुकान संचालन ने बताया कि 4 अक्टूबर की रात्रि दुकान का ताला तोड़कर 16 बोरी चावल, 4.5 क्विंटल शक्कर, दो बोरी में रखा 76 किलो चना पार कर दिया। सुबह ग्रामीण बाहर निकले तो दुकान का ताला टूटा देख सूचना दी। चोरी किए गए राशन के चावल की कीमत 24,000, शक्कर की 20500 एवं चना की कीमत 5800 कुल 50300 रूपए बताई जा रही है।

ऑपरेशन शंखनाद के तहत जशपुर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

9 गौवंशों को तस्करों के चंगुल से छुड़ाया, तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

5 अक्टूबर की रात्रि लगभग 9.30 बजे सिटी कोतवाली जशपुर पुलिस को मुखबिर के माध्यम से पुख्ता सूचना मिली थी कि, कुछ व्यक्ति भारी मात्रा में गौवंशों को पैदल हांकते हुए बेरहमी से मारते-पीटते हुए झारखंड राज्य की ओर ले जा रहे हैं, जिस पर कोतवाली पुलिस के द्वारा सूचना के संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को अवगत कराते हुए, तत्काल पुलिस टीम के साथ मुखबिर के बताए अनुसार ग्राम फतेहपुर रवाना हुआ गया, जहां पुलिस ने देखा कि तीन व्यक्ति गौवंशों को क्रूरतापूर्वक ले जाया जा रहा है।

कोई वैध दस्तावेज नहीं दिखा सके आरोपी-पुलिस के द्वारा जब उनसे गौ वंशों से संबंधित वैध दस्तावेज की मांग की गई तो, उनके द्वारा कोई वैध दस्तावेज नहीं दिया जा सका। जिस पर पुलिस के द्वारा मामले में थाना सिटी कोतवाली जशपुर में छग कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 व पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 11(क)(घ) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच विवेचना में लिया गया है।



तीन आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में लिया

पुलिस टीम के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए तत्काल घेराबंदी कर तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया गया व उनके कब्जे से 9 नग गौवंशों को सकुशल बरामद किया गया। पूछताछ पर पकड़े गए संदिग्धों ने अपना नाम धनसाय नगेशिया उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम गोविन्दपुर, थाना जारी, जिला गुमला झारखंड। सरवर आलम उम्र 26 ग्राम ड़ड़गांव चौकी मनोरा जिला जशपुर छग। मुर्शिद खान उम्र 38 निवासी ग्राम गोविन्दपुर, जिला गुमला झारखंड का रहने वाला बताया।

तीन को भेजा गया जेल, अन्य की तलाश जारी

विवेचना के दौरान आरोपियों से पूछताछ में आरोपियों के अपराध स्वीकार करने व पर्याप्त सबूत पाए जाने पर उन्हें विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। पकड़े गए आरोपी तस्करों की निशानदेही पर पुलिस ने मामले से जुड़े अन्य आरोपीयों को भी चिन्हित कर लिया है, जिनकी पता साजी जारी है, जिन्हें भी शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।कार्रवाई में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली जशपुर निरीक्षक मोर ध्वज देशमुख, सहायक उप निरीक्षक मनोज साहू,प्रधान आरक्षक सावित्री भगत, आरक्षक उपेंद्र सिंह, रवि राम नगर सैनिक रवि डनसेना की की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

ऐसे अपराधों में संलिप्त किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा

मामले में डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ लाल उमेद सिंह ने बताया कि जशपुर पुलिस गौ तस्करी का निरंतर नजर बनाई हुई है, साथ ही पुलिस ने अपने ससक्रिय मुखबिर तंत्र को भी मजबूत किया है, कोतवाली पुलिस के द्वारा कार्यवाही करते हुए 9 नग गौ वंशों को तस्करों से मुक्त कराया गया है व 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। गौ तस्करों के विरुद्ध जशपुर पुलिस का ऑपरेशन शंखनाद निरंतर जारी है, ऐसे अपराधों में संलिप्त किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।



खेल से अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व की सीख मिलती है: सालिक

जशपुरनगर। बिहाबाल में आयोजित पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का मंगलवार को उत्साहपूर्ण समापन हुआ।

- बिहाबाल में पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन

प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में बरजोर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पतराटोली की टीम को 20 रनों से पराजित कर खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता में कुल 24 टीमों ने हिस्सा लिया, जिससे पूरे आयोजन के दौरान खेल प्रेमियों और युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। फाइनल मुकाबले में पतराटोली की टीम ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने उतरी बरजोर की टीम ने निर्धारित 8 ओवर में 59 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पतराटोली की टीम निर्धारित 8 ओवर में 39 रन ही बना सकी। इस तरह बरजोर ने 20 रनों से जीत दर्ज कर फाइनल का खिताब अपने नाम किया।

विजेता को 15 हजार एवं उपविजेता का 7 हजार 500 व ट्रॉफी

प्रतियोगिता में विजेता बरजोर की टीम को प्रथम पुरस्कार के रूप में 15 हजार रुपये एवं ट्रॉफी, जबकि उपविजेता पतराटोली की टीम को 7 हजार 500 रुपये एवं ट्रॉफी प्रदान की गई।समापन समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय आयोजन समिति की सराहना की। उन्होंने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं है, बल्कि खेलों के माध्यम से युवाओं में अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व और आपसी सहयोग की भावना विकसित होती है। उन्होंने युवाओं को खेलों के साथ शिक्षा को भी प्राथमिकता देने की बात कही। सालिक साय ने युवाओं को यातायात नियमों का पालन करने की अपील करते हुए कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग अनिवार्य रूप से करें।

25 लाख के निर्माण कार्य पर अधिवक्ता संघ ने उठाए सवाल



जशपुरनगर। अधिवक्ता संघ कुनकुरी की ओर से अधिवक्ताओं की सुविधाओं के लिए स्वीकृत 25 लाख रुपये की राशि से कराए जा रहे निर्माण एवं विकास कार्यों को लेकर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। संघ ने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, प्रक्रिया और राशि के उपयोग को लेकर अपनी आपत्तियां सामने रखीं। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष विष्णु कुलदीप, सचिव मो. फिरोज खान एवं वरिष्ठ अधिवक्ता कैलाश नाथ गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में अधिवक्ता संघ के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे।

- प्रेस कांफ्रेंस कर पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की मांग

निर्माण कार्य की पूरी जानकारी सार्वजनिक की जाए

प्रेस कांफ्रेंस में अधिवक्ता संघ ने मांग की कि 25, लाख रुपये की स्वीकृत राशि का अब तक कितना उपयोग हुआ, किन-किन कार्यों में राशि खर्च की गई और निर्माण कार्य किस मापदंड के तहत कराया जा रहा है, इसकी पूरी जानकारी सार्वजनिक की जाए। साथ ही इस मामले की पूरी जानकारी मुख्यमंत्री टोल फ्री नंबर 1076 को भी सूचना दी गई है।

पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना जरूरी

बहरहाल संघ ने स्पष्ट किया है कि अधिवक्ताओं के लिए स्वीकृत राशि का सदुपयोग हो और निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाए, इसके लिए पूरे मामले में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना जरूरी है। अन्यथा संबंधित के खिलाफ एफ आई आर दर्ज कराने की भी चेतावनी दी है।

स्वीकृत राशि का उपयोग पारदर्शिता के साथ निर्धारित कार्यों में हो

इस दौरान संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि, अधिवक्ताओं की सुविधा के लिए स्वीकृत राशि का उपयोग पारदर्शिता के साथ और निर्धारित कार्यों में किया जाना चाहिए। संघ के अनुसार, शासन द्वारा अधिवक्ता संघ कुनकुरी के लिए विभिन्न आवश्यक कार्यों के लिए 25 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। संघ की बैठक में अधिवक्ता कक्षों में फर्नीचर, क्षतिग्रस्त छत की मरम्मत, अलमारी, एसी सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं को लेकर प्रस्ताव भी पारित किया गया था। अधिवक्ता संघ ने आरोप लगाया कि निर्माण कार्य के संबंध में संघ को समुचित जानकारी एवं सहमति के बिना कार्य कराया जा रहा है। निर्माण की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाते हुए संघ ने कहा कि कुछ स्थानों पर कार्य पूरा होने के बावजूद बारिश के दौरान पानी रिसने जैसी समस्या सामने आ रही है।

ग्रामीणों को विभिन्न आयोजनों के लिए मिला सुविधाजनक स्थान

जशपुरनगर। फरसाबहार तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत जोरंडाझरिया के ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही सामुदायिक भवन की मांग अब पूरी हो गई है। मुख्यमंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक विष्णुदेव साय के विधायक मद से 10 लाख रुपए की राशि स्वीकृत कर गांव में सामुदायिक भवन का निर्माण कराया गया है। भवन निर्माण पूर्ण होने से ग्रामीणों को सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए अब सुविधाजनक स्थान उपलब्ध हो गया है। सामुदायिक भवन के निर्माण से ग्रामीणों को विभिन्न आयोजनों के लिए स्थान की तलाश करने तथा अन्य स्थानों पर निर्भर रहने की परेशानी से राहत मिलेगी। गांव में ही बेहतर सुविधा उपलब्ध होने से सामाजिक एवं सामुदायिक गतिविधियों के आयोजन को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही, ग्रामीण इस भवन का उपयोग बैठक, सामाजिक कार्यक्रमों एवं अन्य सामुदायिक गतिविधियों के लिए भी कर सकेंगे।



मुख्यमंत्री साय के विधायक मद से बना सामुदायिक भवन

ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री साय का जताया आभार

सामुदायिक भवन की मांग पूरी होने पर ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने कहा कि लंबे समय से चली आ रही उनकी मांग को प्राथमिकता देते हुए सामुदायिक भवन की स्वीकृति प्रदान की गई और निर्माण कार्य पूरा कराया गया। इससे गांव के लोगों को एक महत्वपूर्ण सुविधा मिली है। ग्रामीणों ने कहा कि क्षेत्र में सड़क, भवन सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं के विस्तार से गांवों में विकास का वातावरण मजबूत हो रहा है

सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा 11 को 1320 परीक्षार्थी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल, नवा रायपुर की ओर से सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा एलएसएटी-26 का आयोजन 11 अक्टूबर 2026 को किया जाएगा। जिले में परीक्षा के सुचारु एवं व्यवस्थित संचालन के लिए चार परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां कुल 1 हजार 3 सौ 20 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा के सुचारु संचालन एवं आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए डिप्टी कलेक्टर ऋतुराज सिंह बिसेन को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

- जिले में चार केंद्रों पर होगी परीक्षा, दिशा-निर्देश जारी

चार परीक्षा केंद्रों में होगी परीक्षा

जिले में बनाए गए परीक्षा केंद्रों में शासकीय आरबीआर एनईएस स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जशपुर में 360 परीक्षार्थियों की बैठक व्यवस्था है। शासकीय विजय भूषण सिंहदेव कन्या महाविद्यालय, जशपुर में 360, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जशपुर में 360 तथा शासकीय एमएलबी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जशपुर में 240 परीक्षार्थियों के लिए व्यवस्था की गई है। इस प्रकार चारों केंद्रों में कुल 1 हजार 320 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

परीक्षा से पहले केंद्र का अवलोकन करने की सलाह

कर्मचारी चयन मंडल द्वारा परीक्षार्थियों के लिए जारी निर्देशों के अनुसार अभ्यर्थियों को परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने परीक्षा केंद्र का अनिवार्य रूप से अवलोकन कर लेने की सलाह दी गई है, ताकि परीक्षा के दिन किसी प्रकार की असुविधा न हो। परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से कम से कम दो घंटे पूर्व केंद्र में पहुंचना होगा। इस दौरान उनकी सुरक्षा जांच एवं फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र से सत्यापन किया जाएगा। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

केवल काला या नीला बॉल प्वाइंट पेन लाएं

परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में केवल काले या नीले रंग का बॉल प्वाइंट पेन लेकर आने की अनुमति होगी। परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग किए जाने पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी तथा संबंधित अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता समाप्त कर दी जाएगी।

ड्रेस कोड और प्रतिबंधित वस्तुओं का रखें ध्यान

परीक्षार्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा में शामिल होने के निर्देश दिए गए हैं। काले, गहरे नीले, गहरे हरे, जामुनी, मैरुन, बैंगनी एवं गहरे चॉकलेटी रंग के कपड़े पहनना प्रतिबंधित रहेगा। धार्मिक एवं सांस्कृतिक पोशाक में आने वाले परीक्षार्थियों को सामान्य समय से पहले केंद्र में रिपोर्ट करना होगा और अतिरिक्त सुरक्षा जांच के बाद ही प्रवेश दिया जाएगा। परीक्षा केंद्र में जूते पहनकर आना प्रतिबंधित है। परीक्षार्थी केवल चप्पल पहनकर आएं। कान में किसी भी प्रकार के आभूषण, मोबाइल फोन, ब्लूटूथ उपकरण, अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि परीक्षा कक्ष में ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त पर की सवालों की बौछार

निष्पक्षता ही चुनाव आयोग आधार व पहचान: ताहिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

चुनाव आयोग इस बात को सुनिश्चित करेगा कि एसआईआर के कारण किसी विशेष सामाजिक समूह या क्षेत्र की विशेष संख्या राजनीतिक रूप से असंतुलित ना हो।

मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में कार्यभार सम्हालने के बाद ज्ञानेश कुमार के कार्यकाल में जितने भी चुनाव देश में हुए, उनकी निष्पक्षता को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं। लेकिन आयोग की ओर से अब तक देश के मतदाताओं को आश्वस्त करने वाला कोई जवाब नहीं दिया गया है। इस कारण कांग्रेस सहित पूरा विपक्ष संसद से लेकर सड़क तक आंदोलन करने के लिए मजबूर है।



इनकी रही उपस्थिति

पत्रकारवार्ता में कुनकुरी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष वाल्टर कुजूर, पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मनोज सागर यादव, जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री दिलीप जैन, मंडल अध्यक्ष मोनू अग्रवाल, मंडल प्रभारी शेखर यादव, इमरान ख़ान पार्षद सहित कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

चुनाव आयोग एक सांवैधानिक संस्था, निष्पक्षता ही इसका आधार व पहचान

कुनकुरी में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए ताहिर अली कहा कि चुनाव आयोग एक सांवैधानिक संस्था है। निष्पक्षता ही इस आयोग का आधार और पहचान है। लेकिन ज्ञानेश कुमार के मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में कार्यभार संभालने के साथ ही लोकतंत्र का मुख्य आधार स्तंभ चुनाव आयोग की शाख दांव पर लगी हुई है। इस पर केंद्र सरकार पूरी तरह से चुप्पी साधी हुई है। ताहिर ने कहा कि, एसआईआर की प्रक्रिया के दौरान यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि मतदाता का नाम मतदाता सूचि से विलोपित करने से पहले संबंधित को उसका पक्ष प्रस्तुत करने का पूरा मौका मिलना चाहिए। सिर्फ दस्तावेज ना होने के कारण किसी को मताधिकार से वंचित नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि जशपुर जैसे आदिवासी बाहुल्य जिले के मतदाताओं के पास दस्तावेजों की कमी हो सकती है।

कांग्रेस ने सीईई से पूछे सात सवाल

पत्रकारवार्ता में उपाध्यक्ष ताहिर अली ने मुख्य चुनाव आयुक्त से सात सवाल पूछते हुए कहा कि, मुख्य चुनाव आयुक्त को देश के मतदाताओं को बताना चाहिए चुनाव आयोग द्वारा करवाये जा रहे एसआईआर का आधार क्या है, देश में इस प्रक्रिया के अंतर्गत अब तक कितने नाम हटाएं जा चुके हैं और इनका आधार क्या है। जिनके नाम हटाएं गए हैं उन्हें कितनी बार और किस तरह से सुनवाई का अवसर दिया गया है। विलोपन की सूची सार्वजनिक किया गया है, एसआईआर का आडिट कराया जाएगा और अगर इस प्रक्रिया के कारण अगर कोई वास्तिवक मतदाता मताधिकार से वंचित होता है तो इसकी जिम्मेदारी किसकी होगी। कांग्रेस ने चुनाव आयोग से देश में निष्पक्ष चुनाव और एसआईआर प्रक्रिया की पादर्शिता सुनिश्चित करने की मांग की है।

कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजन की समस्याएं

जशपुरनगर। कलेक्टर रोहित व्यास ने मंगलवार को कलेक्टोरेट में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं सुनीं।

कलेक्टर श्री व्यास ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जनदर्शन में आमजन ने अपनी व्यक्तिगत एवं सामुदायिक समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। आज आयोजित जनदर्शन में कुल 44 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें मुख्य रूप से राजस्व संबंधी प्रकरण, पेयजल, सड़क, स्वच्छता, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ, अधोसंरचना विकास, आजीविका संवर्धन तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं से जुड़ी मांगें एवं समस्याएं शामिल थीं। कलेक्टर श्री व्यास ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त सभी आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर परीक्षण कर उनका समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जनदर्शन शासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है, इसलिए प्रत्येक आवेदन पर संवेदनशीलता एवं जवाबदेही के साथ कार्रवाई की जानी चाहिए।



खबर संक्षेप

कल्याणपुर मुख्य चौक पर अतिक्रमण नाराज ग्रामीण पुनः करेंगे चक्काजाम

बिश्रामपुर। ग्राम कल्याणपुर के मुख्य चौक और प्रतापपुर मार्ग के आसपास शासकीय भूमि पर कथित अवैध कब्जे तथा सड़क किनारे लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण के विरोध में 24 सितंबर को हुए चक्काजाम उपरांत जारी अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन स्थानीय ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा है, मामले में कोई उचित कार्यवाही नहीं होने पर आक्रोशित ग्रामीणों द्वारा पुनः 7 अक्टूबर दिन बुधवार को कल्याणपुर चौक स्थित प्रतापपुर मार्ग पर सड़क पर चक्काजाम किया जाएगा।सूरजपुर कलेक्टर को दिए ज्ञापन में ग्रामीणों व पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा उल्लेख किया गया है कि अवैध बेजा कब्जाधारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर पूर्व 24 सितंबर को भी चक्काजाम किया गया था, जिसमें नायब तहसीलदार बिन्देश्वर प्रजापति द्वारा 4-5 दिनों में अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ जांच उपरान्त बेदखली कार्रवाई किए जाने लिखित आश्वासन दिया गया था, लेकिन उक्त आश्वासन पर केवल कोरमपूर्ति करके अवैध कब्जा धारियों के खिलाफ आज तक बेदखली की कार्रवाई नहीं की गई है जिससे मामला लंबित रह गया है, इस मामले में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन लगातार जारी है। बेदखली कार्यवाही नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने अब 7 अक्टूबर को पुनः कल्याणपुर चौक के पास चक्काजाम किये जाने की सूचना प्रशासन को दे दी है।

विधायक ने किया सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन



अंबिकापुर। सोमवार को विधायक लुण्ड्रा प्रबोध मिंज ने जनपद पंचायत क्षेत्र में करोड़ो रूपए के विकास कार्य की सौगात दी। विधायक ने घंघरी रूखपुर चौक से कंचनपुर होते हुए अखोरा तक9 करोड़ 47 लाख की लागत से बनने वाली सड़क का भूमिपूजन किया। विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद सड़क निर्माण कार्यों की शुरुआत की गई। इस दौरान जिपं सदस्य श्रीमती दिव्या सिंह सिसोदिया, भाजपा जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया, श्रीमती अरूणा सिंह, संतोष जायसवाल, जनपद सदस्य विजय व्यापारी, राजेश राजवाडे, श्रीमती भुवनेश्वरी पैकरा, श्रीमती अनामिका पैकरा, श्रीमती हिरुलीया पैकरा, श्रीमती सुमित्रा पैकरा, सरपंच श्रीमती भारती राजवाड़े, बीडीसी करन पैकरा, उप सरपंच श्रीमती जानकी आंडिल्य, प्रेमानंद तिग्गा, मनीष ली सहित अन्य मौजूद थे।

भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने लिया जनसेवा को आगे बढ़ाने का संकल्प



वाड्रफनगर। वाड्रफनगर से वाराणसी तक निकाली जा रही जल जन सेवा संकल्प यात्रा के क्रम में स्टेडियम ग्राउंड में लाभार्थी योजना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि जनसेवा और जनकल्याण भाजपा की प्राथमिकता है। सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना और समाज के प्रत्येक वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना जनसेवा का उद्देश्य है। जल जन सेवा संकल्प यात्रा के माध्यम से सेवा, जनसंपर्क और जनकल्याण के संदेश को आमजन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकहरिहा, विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मंगलम पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष मुकेश तायल, धीरेन्द्र कुमार द्विवेदी, सोबरन कुशवाहा, नपं अध्यक्ष मानसिंह, मंडल महामंत्री अनिरूद्ध यादव एवं राजेंद्र व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

आध्यात्मिक संदेश यात्रा के पहुंचने पर निकली शोभायात्रा



वाड्रफनगर। राष्ट्रव्यापी स्ववेंद संदेश यात्रा का नगर में उत्साह के साथ शोभायात्रा निकालकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम स्थल पर संत विज्ञानदेव के पहुंचने पर समर्पण दीप अध्यात्म महोत्सव के लिए सेवा करने का संकल्प लिया गया। आध्यात्मिक सत्संग के दौरान पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा को महर्षि सदाफलदेव द्वारा स्ववेंद की प्रति संत विज्ञानदेव ने भेंट की। इस दौरान मण्डल अध्यक्ष प्ररंजय मिश्रा, युवा मोर्चा अध्यक्ष आकाशदीप पटेल, अशोक यादव, नवनीत सिंह, गोपीशरण कुशवाहा सहित विहंगम योग संत समाज के अनुयायी उपस्थित थे।

नगरीय क्षेत्र विकास से कोसों दूर, मूलभूत सुविधाओं के लिए जूझ रहे लोग

जिला मुख्यालय में 23 साल बाद भी स्टेडियम ग्राउंड, टाउन हॉल व मुक्तिधाम निर्माण अधूरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

जिले के विकास में जिला मुख्यालय की भूमिका अहम होती है। ऐसे में जिला मुख्यालय ही विकास से कोसो दूर हो तो जिले के अन्य विकासखंड की स्थिति कैसी होगी यह आसानी से समझा जा सकता है। कुछ इस तरह की स्थिति बलरामपुर जिला मुख्यालय की है। जिला मुख्यालय बलरामपुर नगरिया क्षेत्र को बने हुए 23 वर्ष हो गए लेकिन अभी तक यह नगरीय क्षेत्र विकास से कोसों दूर है और लोगों को मूलभूत सुविधाओं के लिए आज भी जूझना पड़ रहा है। जिला मुख्यालय में कई ऐसे महत्वपूर्ण निर्माण आज तक अधूरे है लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है और जिले के लोग दूसरे जिले शहर के ऊपर निर्भर रहने को मजबूर है।

खास बात
- लोगों की बहुप्रतीक्षित मांग आज तक नहीं हुआ पूर्ण

बलरामपुर को ग्राम पंचायत से उन्नयन करके साल मई 2003 में नगर पंचायत बनाया था। जब से बलरामपुर में टाउन हॉल के लिए लोगों की बहुप्रतीक्षित मांग थी। इस मांग को पूरे होने में 11 वर्ष बीत गए। वर्ष 2014 में यह मांग पूरा हुआ इसके बाद वर्ष 2014 में तत्कालीन कलेक्टर की पहल पर नगर पंचायत द्वारा करोड़ों की लागत से निर्माण प्रारंभ कराया गया कराया गया लेकिन जितनी राशि सरकार से प्रदान किए गए थे इतने में निर्माण पूरा नहीं हुआ और ठेकेदार ने हाथ खड़े कर दिए जिससे निर्माण कार्य अधूरा रह गया। इसी दौरान तात्कालिक कलेक्टर का तबादला हो गया और निर्माण कार्य ठंडे बस्ते में चला गया तब से लेकर आज तक कई कलेक्टर जिले में आए और चले गए और नगर पंचायत में भी कितने का सीएमओ आए और चले गए और अब जिला मुख्यालय नगर पंचायत से नगर पालिका भी बन गया। ग्राम पंचायत से नगर पालिका बने हुए 23 साल का समय बीत गया लेकिन जिला मुख्यालय में एक टाउन हॉल नहीं बन सका। वर्ष 2024 -25 में तात्कालिक सीएमओ द्वारा राज्य शासन से प्रयास करके टाउन हॉल के लिए बजट पास कराया था लेकिन इसी बीच सीएमओ का भी ट्रांसफर हो गया और और प्रक्रिया अधर में लटक गया।



निर्माणाधीन भवन।

टाउन हाल की कमी

जिला मुख्यालय में टाउन हॉल की कमी अब लोगों को खलने लगा है। शादी विवाह बृहद पार्टी कार्यक्रम आदि के लिए लोगों को कई परेशानी के दौर से गुजरना पड़ता है। जो टाउन हॉल कम लागत में लोगों को मिलता है लेकिन टाउन हाल की कमी के कारण लोग प्राइवेट सेक्टरों के माध्यम से शादी विवाह पार्टी आदि कार्यक्रमों के लिए महंगे दामों में बुक करते हैं। हैरानी की बात तो यह है कि 23 साल में जिला मुख्यालय में एक टाउन हॉल नसीब नहीं हो सका जिससे लोगों को कार्यक्रमों के लिए दूसरे शहर या जिले में जाना पड़ रहा है।

जल्द निर्माण करने का दावा

नगरीय प्रशासन का दावा है कि टाउन हॉल का निर्माण जल्द प्रारंभ होगा और लोगों को इसकी सुविधा मिलेगी। लेकिन नगरीय प्रशासन का दावा कितना सच निकलता है और लोगों को कितने दिनों में सुविधा मिल पाता है यह तो आने वाले समय पर निर्भर है। क्षेत्र के लोगों का भी कहना है कि जितना धीमी गति से बलरामपुर नगरीय क्षेत्र का विकास हो रहा है उसे तो बेहतर ग्राम पंचायत है, जहां विकास के लिए 23 वर्षों का इंतजार नहीं करना पड़ता है बल्कि कुछ साल के भीतर ही पंचायत का विकास हो जाता है।

कई निर्माण हैं अधूरे

जिला मुख्यालय में टाउन हाल के अलावा कई ऐसे महत्वपूर्ण निर्माण आज भी अधूरे है। नगरीय क्षेत्र में 23 वर्षों में एक टाउन हॉल नहीं बल्कि स्टेडियम ग्राउंड, हाईटेक मुक्तिधाम के अलावा कई प्रमुख प्रोजेक्ट अधूरे भ्वरह चुके हैं जिसे अब पूरे होने की आशा लोगों में है। लेकिन लोगों की आस कब पूरा होगा यह तो यह तो समय पर निर्भर है।

लग सकता है समय

राज्य शासन से टाउन हॉल के लिए बजट पास हुआ था जिसमें लगभग 3.50 करोड़ रुपए प्राप्त हुए हैं। पिछले दिनों इसका टेंडर भी हुआ लेकिन रेट अधिक होने से निरस्त कर दिया गया था। दोबारा टेंडर पास होता है तो कार्य प्रारंभ हो जाएगा। कार्य पूरे होने में लगभग एक से डेढ़ वर्ष लग सकते हैं। इसके बाद लोगों को टाउन हॉल की सुविधा मिलना प्रारंभ हो जाएगा।

-दीपक एक्का
मुख्य नगर पालिका अधिकारी



बिना नोटिस सफाई कार्य से हटाए जाने पर समूह की सदस्यों ने जताई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लंबे समय से साफ-सफाई का कार्य कर रहे सरस्वती स्व-सहायता समूह को बिना पूर्व सूचना, नोटिस एवं स्पष्ट कारण बताए कार्य से हटाए जाने को लेकर समूह ने आपत्ति जताई है।

- समूह ने जांच व 31 मार्च तक कार्य जारी रखने की मांग की

समूह का आरोप है कि उसे हटाने के बाद बिना पारदर्शी निविदा, प्रक्रिया अपनाए किसी अन्य पसंदीदा व्यक्ति या समूह को सफाई कार्य दिए जाने की स्थिति सामने आई है। समूह ने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर यह स्पष्ट करने की मांग की है। समूह ने बताया कि सरस्वती स्व-सहायता समूह लंबे समय से स्वास्थ्य केंद्र में सफाई कार्य करता रहा है तथा कोरोना महामारी के दौरान भी सदस्यों ने अपनी सेवाएं जारी रखीं। इसके बावजूद बिना नोटिस और अपना पक्ष रखने का अवसर दिए कार्य से हटाए जाने से समूह से जुड़े कर्मचारियों की आजीविका प्रभावित हो रही है। 26 सितंबर को क्षेत्रीय विधायक भूलन सिंह मरावी की अध्यक्षता में जीवन दीप समिति की बैठक में सरस्वती स्व-सहायता समूह को 30 सितंबर तक कार्य जारी रखने के संबंध में प्रस्ताव पारित किया गया था। इसके बावजूद कार्य से हटाए जाने की स्थिति पर समूह ने सवाल उठाए हैं। सरस्वती स्व-सहायता समूह की अध्यक्ष कुंती बाई ने कलेक्टर,सीएमएचओ एवं बीएमओ को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि पूरे मामले की जांच कर सफाई कार्य आवंटन की प्रक्रिया, निविदा एवं चयन से संबंधित दस्तावेज सार्वजनिक किए जाएं तथा यदि निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं हुआ है तो उचित कार्रवाई की जाए।

समूह ने यह भी मांग की है कि मामले पर पुनर्विचार करते हुए 31 मार्च तक सरस्वती स्व-सहायता समूह को सफाई कार्य जारी रखने का अवसर दिया जाए।

डीएवी स्कूल बिश्रामपुर में पदस्थ लाइब्रेरियन की हृदयघात से हुई मौत

बिश्रामपुर। नगर के डीएवी पब्लिक स्कूल में पदस्थ लाइब्रेरियन रामजी सिन्हा 55 वर्ष का हृदयाघात से सोमवार को निधन हो गया,बताया गया कि रविवार को अचानक सीने में तेज दर्द उठने पर परिजन उन्हें अंबिकापुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया था,यहां के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए रायपुर ले जाया गया जहां उपचार के दौरान उनका सोमवार को निधन हो गया।मूलतः अंबिकापुर निवासी मिलनसार व्यवहार के रामजी सिन्हा अपने पीछे दो पुत्री, पत्नी समेत भरपुरा परिवार शोकाकुल छोड़ गए हैं।उनके निधन की खबर पर डीएवी विद्यालय में दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं सोमवार को स्कुल की कक्षाओं का अवकाश रखा गया।



कम्प्रेशर मशीन में धमाका, दुकान में लगी आग

अंबिकापुर। शहर के नवापारा में तेज आवाज के साथ हुए धमाके के बाद हड़कंप मच गया। धमाका कार वाशिंग सेंटर में मौजूद कम्प्रेशर मशीन में हुआ था। कम्प्रेशर मशीन के फटने से दुकान में आग गई। धमाका इतना तेज था कि कम्प्रेशर मशीन का एक ढक्कन दूर जाकर दूसरे घर की छत पर गिरा। घटना की सूचना पर पहुंची दमकल की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू लिया।

बताया जा रहा है कि शहर के नवापारा चर्च मैदान के समीप स्थित कार वाशिंग सेंटर में संचालक द्वारा कम्प्रेशर मशीन में हवा भरने का काम किया जा रहा था। इस दौरान संचालक कम्प्रेशर मशीन को चालु करके चले गए और बंद करना भूल गए। कम्प्रेशर मशीन में प्रेशर अधिक बढ़ने के कारण ही धमाका हुआ। धमाका इतना तेज था कि आस पास के लोग दहशत में आ गये। कम्प्रेशर मशीन का ढक्कन भी दूर जाकर गिरा। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने समय रहते आग पर काबू पाया। इधर इस घटना से बड़ी लापरवाही सामने आई है। गनीमत थी कि घटना के समय आस पास कोई नहीं था अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।



मोरभंज डेम के समीप शराब पी कर वाहन चलाने वालों पर पुलिस संयुक्त दल ने की कार्रवाई, छह वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम मोरभंज डेम के पास मौज-मस्ती की आड़ में शराबखोरी कर वाहन चलाने वालों के खिलाफ जयनगर पुलिस एवं यातायात पुलिस के संयुक्त दल ने कार्रवाई करते हुए छह चारपहिया वाहनों को जब्त किया है,पुलिस ने शराब के नशे में वाहन चलाने वाले लोगों के विरुद्ध मोटर वेहिकल एक्ट एवं संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की है।

पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल के निर्देश पर रविवार की शाम जयनगर पुलिस एवं यातायात पुलिस की संयुक्त टीम ने मोरभंज पर्यटन स्थल पर दबिश दी,पुलिस टीम के पहुंचते ही वहां शराबखोरी कर रहे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने मौके पर संदिग्ध वाहन चालकों की जांच की, जिसमें शराब के नशे में वाहन चलाने वाले छह लोगों के वाहन क्रमांक सीजी 15 ईई 3599, सीजी 15 डीएल 2979, सीजी 04 टीई 4247, सीजी 12 एजी 2111, जेएच 01 सीए 7431 को जब्त कर लिया गया। पुलिस की इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य पर्यटन स्थलों पर शराबखोरी के बाद वाहन चलाने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाना बताया जा रहा है। अक्सर पर्यटन स्थलों पर शाम के समय बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। ऐसे में शराब सेवन कर वाहन चलाने से न केवल संबंधित व्यक्ति की जान जोखिम में पड़ती है, बल्कि अन्य पर्यटकों एवं राहगीरों की सुरक्षा पर भी खतरा बनता है।संयुक्त कार्रवाई में जयनगर थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अमित गुप्ता, सहायक उपनिरीक्षक शशिशेखर तिवारी एवं यातायात प्रभारी बृजकिशोर पांडेय सहित अन्य पुलिस स्टाफ सक्रिय रहे ।





प्रतापपुर पहुंची सेवा संकल्प अभियान बाइक रैली

प्रतापपुर। सेवा संकल्प अभियान के तहत गुजरात के वडनगर से वाराणसी तक निकाली जा रही बाइक रैली सोमवार को प्रतापपुर पहुंची। गणेशपुर चौक में भाजपा एवं युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने रैली का जोरदार स्वागत किया। युवा मोर्चा प्रतापपुर के नेतृत्व में करीब 200 बाइक के साथ रैली गणेशपुर चौक से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मंगल भवन पहुंची। रैली का नेतृत्व विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते ने किया। मंगल भवन में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में करीब 500 युवाओं ने सहभागिता की। मंगल भवन में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में युवाओं ने सेवा, सामाजिक सहभागिता और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका सहित विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखे। वक्ताओं ने युवाओं से समाज और राष्ट्र के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने की बात कही। इस दौरान अवधेश चंदेल, शिवनाथ यादव, जितेंद्र देवांगन, लोकेश साहू, दीक्षा अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, अवधेश पाण्डेय, मानती योगेंद्र सिंह सहित भाजपा एवं युवा मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



रक्तदान से जरूरतमंदों को मिलता है जीवन का संबलः राजवाड़े

सूरजपुर। स्वैच्छिक रक्तदान जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनरक्षक सहयोग है। आपात स्थिति में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जागरूक नागरिकों की भागीदारी जरूरी है। उक्त बाते स्वास्थ्य शिविर में शामिल हुई मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कही। उन्होंने युवाओं सहित सभी पात्र नागरिकों से रक्तदान के लिए आगे आने और दूसरों को भी प्रेरित करने की बात कही।

- शिविर में 11 लोगों ने किया रक्तदान, 77 नागरिकों की हुई स्वास्थ्य जांच



मंत्री श्रीमती राजवाड़े सेवा संकल्प अभियान के तहत विकासखंड भैयाथान के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सलका में आयोजित रक्तदान एवं निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में शामिल हुईं। शिविर में 11 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया और 77 नागरिकों की स्वास्थ्य जांच की गई। मंत्री ने रक्तदाताओं का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि बीमारियों की समय पर पहचान और उपचार के लिए स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना आवश्यक है। नागरिक शासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लें और नियमित जांच कराएं। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान समाज के प्रत्येक वर्ग को सेवा और जनकल्याण के कार्यों से जोड़ने का अवसर है। स्वास्थ्य, सामाजिक जागरूकता और जरूरतमंदों की सहायता से जुड़ी गतिविधियों में सामूहिक सहभागिता से अभियान का उद्देश्य साकार होगा। श्रीमती राजवाड़े ने छुआछूत और भेदभाव जैसी सामाजिक बुराइयों को दूर कर समानता, सद्भाव और भाईचारे को बढ़ावा देने की बात कही। वन विकास निगम के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा ने कहा कि रक्तदान समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने का ऐसा कार्य है, जिससे किसी जरूरतमंद को नया जीवन मिल सकता है। शिविर में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों को रक्तदान के महत्व और स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी दी। कार्यक्रम में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. राकेश सिंह, बीपीएम श्रीमती कंचन देवांगन, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, आरएचओ, सीएचओ, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी तथा ग्रामीण उपस्थित रहे।

लरंग साय सेवा समिति द्वारा आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

लरंग साय सेवा समिति द्वारा आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ सनातन संत समाज के अध्यक्ष संत वबरूर वाहन महाराज, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव, भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल तथा सामरी विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा सहित समिति के अध्यक्ष राम लखन सिंह पैकरा की उपस्थिति में किया गया। अतिथियों ने भारत माता, छत्तीसगढ़ महतारी, महात्मा गांधी, संत गहिरा गुरु एवं स्व. लरंग साय के छायाचित्र पर धूप-दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया और कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

- ग्रामीण प्रतिभाओं को मिलेगा प्रोत्साहन

इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष राम लखन सिंह पैकरा ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. लरंग साय का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने राजनीति को सेवा का माध्यम माना तथा संत गहिरा गुरु के साथ मिलकर धर्म, संस्कृति एवं समाज को जोड़ने के लिए महत्वपूर्ण कार्य किया। भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल ने स्व. लरंग साय के साथ अपने प्रारंभिक राजनीतिक जीवन के अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि लरंग साय का संगठन और समाज के प्रति समर्पण आज भी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। सामरी विधायक श्रीमती उद्देश्वरी पैकरा ने उनके बताए मार्ग पर चलने की बात कही। उन्होंने उनके नाम से गांव में स्वागत द्वार बनाने की घोषणा की। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष अनुराग सिंह देव ने कहा कि फुटबॉल प्रतियोगिता के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को अवसर देने तथा समाज को जोड़ने का यह प्रयास सराहनीय है।उन्होंने कहा कि लरंग साय सेवा समिति रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से समाज के सर्वांगीण विकास और उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्होंने लरंग साय वाटिका विकसित करने तथा वहां युवाओं के लिए नियमित साप्ताहिक एवं मासिक मिलन कार्यक्रम आयोजित करने का सुझाव भी दिया। सनातन संत समाज के अध्यक्ष संत वबरूर वाहन महाराज ने कहा कि स्व. लरंग साय ने संत गहिरा गुरु के साथ मिलकर गांव-गांव में सनातन धर्म एवं संस्कृति के संरक्षण और समाज को जोड़ने का कार्य किया। इस दौरान मनोज गुप्ता, विवेक जायसवाल, जगवंशी यादव, श्रीमती चिंता भगत, विनय भगत, श्रीमती गीता देवी, रवि प्रताप सिंह, शिवशंकर सिंह मरावी, तिलासाय, अभय पैकरा, आशीष केसरी, दिनेश सिंह, दयाराम, रघुवीर भगत, उमाशंकर भगत, गणेश साय, धर्मेंद्र साय, सुखनंदन किसान, मोहन अग्रवाल, सत्यानंद पैकरा, बुधना राम पैकरा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



जल, जन सेवा संकल्प यात्रा का भाजयुमो किया स्वागत

सूरजपुर। वडनगर से वाराणसी तक निकाली जा रही जल, जन सेवा संकल्प यात्रा का सूरजपुर जिले में भव्य स्वागत किया गया। कोरिया की ओर से रूट क्रमांक 1 जिले में प्रवेश करने वाली इस यात्रा के तहत जिले विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।यह यात्रा और सभी कार्यक्रम भाजयुमो के जिलाध्यक्ष देव गुप्ता के नेतृत्व में संपन्न हुए। इस अवसर पर स्थानीय भाजयुमो कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा गया और देव गुप्ता के नेतृत्व में 500 स्थानीय बाइकर्स ने भी इस रैली में शामिल होकर यात्रा को एक विशाल स्वरूप प्रदान किया। दोपहर को कृष्णपुर - कलुआ में सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें वडनगर से चलकर आए भार्गव जानी ने शासन की योजनाओं के लाभार्थियों से वन टू वन संवाद किया। दोपहर बाद अग्रसेन चौक पर यात्रा के पहुंचने पर पुष्पवर्षा व ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत हुआ। सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद गंगा की आरती का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें बनारस के पुरोहितों की टीम ने गंगा की आरती बनारस के तर्ज पर मनमोहक ढंग से प्रस्तुत की और माहौल को भक्तिमय बना दिया। इस दौरान विधायक भुलन सिंह मरावी, राहुल योगराज, शुभम जायसवाल, प्रिया सिंह, आनंद ताम्रकार, रामकृपाल साहू, अजय गोयल, सत्यनारायण सिंह, शशिकांत गर्ग,संदीप अग्रवाल, राजेश्वर तिवारी, दीपक गुप्ता, कौशल सिंह, यशवंत सिंह , रूपेंद्र कुशवाहा, अविनाश सहवाल, सहीम अंसारी, सत्यम विश्वकर्मा, मित्तल पाण्डेय, सुजीत सिंह, दीक्षित वर्मा, सोनू साहू, विशाल गुप्ता, रोशन गुप्ता, विष्णु सोनी, राजकुमार यादव, संजीव गुप्ता, हरिनारायण साहू, मंटू गुप्ता, बंटी ठाकुर, शैलेंद्र कुशवाहा, हर्ष गुप्ता उपस्थित रहे।





पोस्टपोन हुई 'उड़ता तीर' 23 अक्टूबर को होगी रिलीज

मुंबई। आयुष्मान खुराना और सारा अली खान की फिल्म 'उड़ता तीर' लगातार चर्चा में बनी हुई है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। अब दर्शकों को फिल्म की रिलीज का इंतजार है। फैंस को फिल्म का और इंतजार करना पड़ेगा, क्योंकि फिल्म की रिलीज डेट को फिर से आगे बढ़ा दिया गया है। ये दूसरी बार है जब फिल्म की रिलीज को पोस्टपोन किया गया है। पहले फिल्म को 9 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाना था। लेकिन अब फिल्म की डेट को आगे बढ़ा दिया गया है। फिल्म को आगे बढ़ाकर 23 अक्टूबर कर दिया गया है। उड़ता तीर को 11 सितंबर को रिलीज किया जाना था।

लाइफ Style

जान्हवी

डीपफेक वीडियो पर जताई नाराजगी

अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने अपनी फिल्म 'देवरा: पार्ट 1' के गाने 'चुट्टामल्ले' पर बनाए गए कथित एआई जनरेटेड अश्लील डीपफेक वीडियो को लेकर कड़ी नाराजगी जताई है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

जान्हवी सोशल मीडिया पर बयान जारी कर बिना अनुमति महिलाओं की तस्वीरों और वीडियो को आपत्तिजनक तरीके से एडिट कर प्रसारित किए जाने की आलोचना की। जान्हवी ने कहा कि तकनीक का इस तरह गलत इस्तेमाल महिलाओं की गरिमा और निजता का गंभीर उल्लंघन है।जान्हवी कपूर ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपना बयान साझा किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को उनकी इच्छा के बिना आपत्तिजनक कंटेंट में दिखाना बेहद गंभीर मामला है। अभिनेत्री ने ऐसे कंटेंट को तैयार करने और फैलाने की प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए कहा कि यह आपराधिक कृत्य यौन उत्पीड़न के समान है। जान्हवी ने कहा कि महिलाओं को केवल एक वस्तु की तरह पेश करना और उनकी सहमति के बिना एडिटेड कंटेंट तैयार कर उसे इंटरनेट पर फैलाना स्वीकार नहीं किया जा सकता। उनके मुताबिक, एआई जैसी तकनीक का इस्तेमाल रचनात्मक काम के लिए किया जा सकता है, लेकिन किसी व्यक्ति की अनुमति के बिना उसकी छवि का आपत्तिजनक इस्तेमाल गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं सिर्फ फिल्म इंडस्ट्री तक सीमित नहीं हैं।



हॉलीवुड मसाला



भारत की मेहमान नवाजी ने

जीता दिल

लॉस एंजेलिस। मशहूर अमेरिकी यूट्यूबर मिस्टर बीस्ट बीते दिनों भारत यात्रा पर आए थे। यहां वे रणबीर कपूर की आगामी फिल्म 'रामायण' के इवेंट में भी शामिल हुए। अब मिस्टर बीस्ट ने भारत यात्रा की कुछ तस्वीरें शेयर की हैं। उन्होंने इस यात्रा को शानदार बताया है। अमेरिका के मशहूर यूट्यूबर मिस्टरबीस्ट ने इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने तस्वीरों के जरिए अपनी भारत यात्रा की झलक दिखाई है। तस्वीरों में उनके साथ बॉलीवुड स्टार रणबीर कपूर, क्रिकेटर हार्दिक पांड्या और मशहूर भारतीय यूट्यूबर अजेय नागर और पायल धारे नजर आ रहे हैं।



एवेंजर्स- एंडगेम एनकोर फिर टॉप पर पहुंची फिल्म

लॉस एंजेलिस। हाल ही में सिनेमाघरों में फिल्म 'एवेंजर्सः एंडगेम' को 'एवेंजर्सः एंडगेम एनकोर' टाइटल के साथ दोबारा रिलीज किया गया। फिल्म ने देश में तो कोई खास कमाई नहीं की पर दुनियाभर में इसने खूब कलेक्शन किया। इसके साथ ही अब यह फिल्म 'अवतार' को पछाड़कर कर दुनियाभर की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। 'एंडगेम एन्कोर' को लेकर फिल्ममेकर्स ने कहा कि उन्हें यह देखकर बेहद खुशी हुई कि दर्शक एक बार फिर फिल्म देखने के लिए सिनेमाघरों का रुख कर रहे हैं। मेकर्स ने एक पोस्ट के जरिए कहा, 'हमारे लिए 'एवेंजर्सः एंडगेम' बनाने का सबसे पसंदीदा अनुभव यही था कि जब फिल्म रिलीज हुई, तब हम दर्शकों के साथ सिनेमाघरों में बैठे थे।



हेली का 'इश्का-इश्का' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई। अभिनेत्री हेली शाह की आगामी वेब सीरीज 'इश्का इश्का' रिलीज को लेकर तैयार है। सोमवार को मेकर्स ने सीरीज का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। यह सीरीज प्यार के गहरे, जुनूनी और डार्क पक्ष को उजागर करती है। ट्रेलर में आरोही (हेली), कबीर (सत्यजीत दुबे) और सुहानी (अनुष्का कौशिक) की कहानी दिखाई गई है, जो तीन जिंदगियां हैं और एक उलझे हुए इमोशनल रिश्ते में फंसी हुई हैं। ट्रेलर में मुख्य रूप से कबीर (सत्यजीत दुबे) नामक एक लेखक की कहानी दिखाई गई है, जो दो अलग-अलग रिश्तों के बीच फंस जाता है। सुहानी (अनुष्का कौशिक) उसके जीवन में स्थिरता और विश्वास लेकर आती है लेकिन तभी उसके अतीत से आरोही (हेली) की वापसी होती है। हेली शाह इस सीरीज में 'आरोही' का एक बेहद अप्रत्याशित और गहरा किरदार निभा रही हैं।



सल्लू की 'मातृभूमि' को मिली एनओसी

मुंबई। सलमान खान की आगामी वॉर-ड्रामा फिल्म 'मातृभूमि' को सरकार की ओर से नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट यानी एनओसी मिल गई है। अब फिल्म को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड की मंजूरी का इंतजार है। फिल्म की कहानी भारत और चीन के बीच 2020 में हुए सैन्य टकराव की पृष्ठभूमि पर आधारित बताई जा रही है। सरकार की आपत्तियों के बाद फिल्म में कुछ बदलाव किए गए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, निर्माताओं ने फिल्म का संशोधित वर्जन सूचना और प्रसारण मंत्रालय को सौंपा था। मंत्रालय को नए वर्जन पर कोई आपत्ति नहीं रही, जिसके बाद फिल्म को एनओसी दे दी गई। अब फिल्म की रिलीज के लिए अगला महत्वपूर्ण चरण सीबीएफसी की मंजूरी है। अगर 13 नवंबर की तारीख तय होती है तो फिल्म दिवाली के बाद सिनेमाघरों में दस्तक दे सकती है।

टीवी मसाला

विनर घोषित होने पर भावुक हुए अविनाश

मुंबई। रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी' के 15वें सीजन के विजेता अविनाश मिश्रा बने हैं। इस शो को रोहित शेट्टी होस्ट करते हैं। रविवार को रोहित ने विजेता के रूप में अविनाश के नाम का ऐलान किया तो एक्टर भावुक हो गए।



बता दें कि अविनाश मिश्रा ने ग्रैंड फिनाले में अभिनेता ऋत्विक धनजानी और ओरहान अवत्रामणि (ओरी) को हराया है। ट्रॉफी पर कब्जा जमाने के बाद उन्होंने अपनी खुशी शेयर की है। कई महीनों तक चले मुश्किल स्टंट और चुनौतीपूर्ण टास्क के बाद अविनाश मिश्रा रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी 15' के विनर बने हैं। होस्ट रोहित शेट्टी से ट्रॉफी लेते समय एक्टर की आंखों में आंसू आ गए। बता दें कि स्टंट-बेस्ड रियलिटी शो पिछले साल प्रसारित नहीं हुआ था। करीब दो साल के अंतराल के बाद अपनी इसने वापसी की। अविनाश के ट्रॉफी जीतने के साथ ही इस सीजन का अंत हो गया। ऋत्विक धनजानी और ओरहान अवत्रामणि (ओरी) क्रमशः पहले और दूसरे रनर-अप रहे। विनर के रूप में अविनाश के नाम का ऐलान रोहित शेट्टी ने किया। अपना नाम सुनते ही वे रोने लगे। इसके बाद अविनाश ने अपनी इस कामयाबी के बारे में बात करते हुए रोहित शेट्टी से कहा कि पिछले दस वर्षों में उन्हें कई किरदारों के लिए नॉमिनेट किया गया। वे कई अवॉर्ड फंक्शन में शामिल हुए, लेकिन यह पहली बार था जब उन्होंने सच में कोई अवॉर्ड जीता।

मेरी कोई बेनामी संपत्ति नहीं



मुंबई। आयकर विभाग की छापेमारी के सप्ताहभर बाद सोमवार को रुकल प्रीत सिंह ने चुप्पी तोड़ी है। रकुल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर कहा कि वे पूरी ईमानदारी से टैक्स भरती हैं। वे एक जिम्मेदार नागरिक हैं। साथ ही सेना की पृष्ठभूमि से ताल्लुक रखती हैं। रकुल प्रीत सिंह के हालिया पोस्ट में उनका दुख छलका है। उन्होंने कुछ ऑनलाइन रिपोर्टर पर बिना तथ्यों के खबरों की सनसनी बनाने का आरोप लगाया है। रकुल ने आईडी रेड को लेकर लिखा है, 'वह तलाशी मेरे बारे में नहीं थी। मैं बताना चाहती हूं कि मैं आर्म्ड फोर्सेज (सशस्त्र बलों) की पृष्ठभूमि से आती हूं। इंडस्ट्री में मेरा कोई 'गॉडफादर' नहीं था। मैंने अपनी कड़ी मेहनत से यह मुकाम हासिल किया है और कानून का पालन करने वाले एक जिम्मेदार नागरिक के तौर पर 20 साल की उम्र से ही अपने टैक्स भरती आ रही हूं'।

ऋचा ने 2026 को नहीं माना कंटेंट सिनेमा का साल

मुंबई। अगस्त में रिलीज हुई फिल्म 'हनुमान अंश' को जल्द सिनेमाघरों में दो महीने पूरे होने वाले हैं। इन दो महीनों में यह फिल्म भारत में 300 करोड़ से ज्यादा और वर्ल्डवाइड 400 करोड़ से ज्यादा का बिजनेस कर चुकी है। अब इसकी सक्सेस पर अभिनेत्री ऋचा चड्ढा ने अपनी राय दी है। एक्ट्रेस का मानना है कि साल 2026 को कंटेंट आधारित सिनेमा के लिए बड़ा साल कहना अभी जल्दबाजी होगी। सिर्फ इतना ही नहीं, एक्ट्रेस ने यह भी कहा कि ये निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी होगी कि



भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में दर्शकों की पसंद में कोई बड़ा बदलाव आया है। अभिनेत्री ने 2026 को कंटेंट के लिए लैंडमार्क साल मानने की बात से असहमति जताई। ऋचा ने कहा, 'अगर यह 'हनुमान अंश' के संदर्भ में है, तो वह अलग बात है। इस साल और क्या चला है। 'ऑब्सेशन' हॉलीवुड की फिल्म है, इसलिए हम उसकी तुलना अपनी फिल्मों से नहीं कर सकते। ऋचा ने आगे कहा, 'पौराणिक फिल्में वैसे भी अच्छा करती हैं। धार्मिक या पौराणिक चीजें सभी के लिए सुरक्षित होती हैं। ये तो लोग देखते ही हैं। यह कहना अभी जल्दबाजी होगी कि कुछ अच्छा हो रहा है।

'सत्यवान सावित्री' की नई डेट का ऐलान

चेन्नई। डायरेक्टर प्रवीण एस. विजय की कोर्टरूम ड्रामा फिल्म 'सत्यवान सावित्री' की नई रिलीज डेट सामने आ गई है। कीर्ति सुरेश और डायरेक्टर मिश्किन की लीड रोल वाली इस फिल्म को अब दुनियाभर के सिनेमाघरों में 20 नवंबर को रिलीज किया जाएगा। इसकी जानकारी फिल्म के मेकर्स ने सोशल मीडिया के जरिए दी। फिल्म को प्रोड्यूस कर रहे बैनर ड्रमस्टिक्स प्रोडक्शंस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर फिल्म का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, अब और खामोशी नहीं। सावित्री की लड़ाई शुरू होती है। मेकर्स ने बताया कि 'सत्यवान सावित्री' 20 नवंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बता दें कि फिल्म की रिलीज पहले 24 जुलाई को तय की गई थी, लेकिन बाद में मेकर्स ने रिलीज डेट टाल दी।

एआई से मेरी तस्वीरों में न करें बदलाव

मुंबई। नेशनल अवॉर्ड विनिंग एक्ट्रेस यामी गौतम ने मीडिया और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से उनकी तस्वीरों के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई के जरिए किसी भी तरह की छेड़छाड़ या बदलाव नहीं करने की अपील की है। एक्ट्रेस ने कहा कि सार्वजनिक कार्यक्रमों में ली गई उनकी तस्वीरों को उसी मूल रूप में इस्तेमाल किया जाए। उनका यह बयान ऐसे समय आया है, जब सेलिब्रिटीज की एआई जनरेटेड तस्वीरों, डीपफेक और आपत्तिजनक कंटेंट को लेकर लगातार विवाद सामने आ रहे हैं। यामी गौतम ने एक पोस्ट शेयर करते हुए मीडिया से खास तौर पर अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक कार्यक्रमों के दौरान खींची गई उनकी तस्वीरों को एआई की मदद से बदलने, सुधारने या किसी अन्य तरीके से एडिट करने से बचा जाए। यामी ने अपनी पोस्ट में लिखा कि मीडिया से उनका विनम्र अनुरोध है कि सार्वजनिक कार्यक्रमों में ली गई उनकी तस्वीरों को एआई के जरिए बदलने या बेहतर बनाने से बचा जाए। उन्होंने कहा कि तस्वीरों का इस्तेमाल उनके मूल रूप में ही किया जाना चाहिए।



इस सप्ताह ओटीटी पर मिलेगा मनोरंजन भरपूर खजाना

मुंबई। सिनेमाघरों में 'दृश्यम 3' लगी हुई है। इस हफ्ते भी थिएटर में कॉमेडी का तड़का लगाने 'उड़ता तीर' की आमद होगी । मगर, ओटीटी पर भी खजाना भरपूर मिलेगा। इस हफ्ते डिजिटल प्लेटफॉर्म पर परिणीति चोपड़ा की इन्वेस्टिगेशन थ्रिलर से लेकर तमिल भाषा की एक्शन फिल्म तक, कई शानदार विकल्प रहेंगे।

सुपर बूमी : यह एक एनिमेटिड सीरीज है, जो 5 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। यह पारिवारिक मनोरंजन सीरीज है। इसमें बूमी और उसके दोस्तों ने अपनी एक वर्चुअल गेमिंग दुनिया बनाई है, जहां उनका सामना नई-नई चुनौतियों और एडवेंचर्स से होता है।

मंदादि : यह तमिल भाषा की स्पोर्ट्स एक्शन ड्रामा फिल्म है। यह 10 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। बॉक्स ऑफिस पर इसने शानदार प्रदर्शन किया। अब यह फिल्म ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है। सूरी और सुहास अभिनीत यह फिल्म 8 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।



बिलो : यह कनाडाई थ्रिलर वेब सीरीज है, जो 8 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली है। जोश हार्टनेट, मैकेंजी डेविस और चार्ली हीटन अभिनीत यह सीरीज समुद्र किनारे बसे एक छोटे से शहर की कहानी पर आधारित है।

'रिपोर्टिंग लाइव' : अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा की फिल्म 'रिपोर्टिंग लाइव' इस वीक की ओटीटी लिस्ट में शामिल है। यह 9 अक्टूबर को दस्तक देगी। इसमें वे पत्रकार की भूमिका में नजर आएंगी और अवैध रेत खनन का पर्दाफाश करेंगी। फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

आवारापन 2 : इमरान हाशमी अभिनीत फिल्म 'आवारापन 2' ने सिनेमाघरों में अच्छा प्रदर्शन किया। इसके बाद इसे ओटीटी पर भी रिलीज किया गया। अब यह मासिक सब्सक्रिप्शन वाले यूजर्स के लिए भी 9 अक्टूबर से उपलब्ध रहेगी। इसे प्राइम वीडियो पर देखा जा सकता है।

टेक चार्ज ऑफ माय हार्ट: अगर के-ड्रामा सीरीज में आपकी दिलचस्पी है तो यह सीरीज आपके लिए है। इसे 09 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर देख सकेंगे। इसकी कहानी एक बड़े कारोबारी घराने के वारिस की है, जिसके शरीर में आर्टिफिशियल हार्ट लगा है। उसकी जिंदगी में एक लड़की आती है।

एनिमल्स : यह एक अमेरिकी क्राइम थ्रिलर फिल्म है। बेन अफ्लेक निर्देशित 'एनिमल्स' 9 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। इसमें अफ्लेक, केरी वाशिंगटन, जिलियन एंडरसन, एड्रियाना पाज और लुइस गेरार्डो मेंडेज हैं।

स्पाइडर-मैन- ब्रांड न्यू डे : टॉम हॉलैंड अभिनीत मार्वल्स की 'स्पाइडर-मैन-ब्रांड न्यू डे' भी इस वीक ओटीटी पर रिलीज होने जा रही है। दर्शक इसे 6 अक्टूबर 2026 से प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

खबर संक्षेप

शिक्षा शर्मा ने ग्रहण किया पदभार



बरमकेला। ऋचा सिंह के मंत्रालय, नवा रायपुर के लिए भारमुक्त होने के बाद डिप्टी कलेक्टर शिक्षा शर्मा ने बिलाईगढ़ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एसडीएम के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया है। शासन के आदेश के तहत उन्हें आगामी आदेश तक बिलाईगढ़ एसडीएम की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पदभार ग्रहण करने के साथ ही उन्होंने बिलाईगढ़ अनुविभाग की राजस्व एवं प्रशासनिक व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाल ली है। शिक्षा शर्मा सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में विभिन्न प्रशासनिक जिम्मेदारियों का निर्वहन कर चुकी हैं। जिले के अलग अलग क्षेत्रों में कार्य करने के कारण उन्हें स्थानीय प्रशासनिक व्यवस्था के साथ.साथ क्षेत्र के सामाजिक एवं ग्रामीण परिवेश की भी अच्छी जानकारी है।

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा के 10 जवानों ने किया रक्तदान



घरघोड़ा। सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घरघोड़ा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल यूनिट घरघोड़ा के 10 सुरक्षा कर्मियों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में के जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्तदान कर मानवीय सेवा एवं सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया। इस अवसर पर खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. सेतराम पैकरा ने कहा किए श्रक्तदान एक महान मानवीय सेवा है। हमारे द्वारा किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। स्वस्थ एवं पात्र व्यक्तियों को नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। रक्तदान को लेकर लोगों में किसी भी प्रकार का भय या भ्रम नहीं होना चाहिए। समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा कर्मियों द्वारा रक्तदान के लिए आगे आना समाज के लिए प्रेरणादायक है।

आंगनबाड़ी में पोषण जागरूकता कार्यक्रम

रायगढ़। सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले के आंगनबाड़ी केंद्रों में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम के माध्यम से पोषण जागरूकता और जनभागीदारी से जुड़ी गतिविधियां जारी हैं। सराईपाली, तमनार में लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रमाण पत्र एवं पौधे देकर सम्मानित किया। इस दौरान हर घर मुनगा, घर घर मुनगा अभियान के तहत ब्रोशर वितरित किए गए और नभागीदारी का संदेश दिया गया। जोगीतराई में पौष्टिक थाली एवं व्यंजन प्रदर्शनी, स्वस्थ बालक बालिका, फैंसी ड्रेस और मेहंदी प्रतियोगिता, अन्नप्राशन तथा न्योता भोज कराया गया। डोलेसरा 2 में गोदभराई, अन्नप्राशन और पोषण जागरूकता गतिविधियां हुईं।

मधुगुंजन का पचमढ़ी में आयोजन, 120 कलाकारों ने दी 75 प्रस्तुतियां

नर्मदोत्सव में कथक से लोकनृत्य तक सजी सांस्कृतिक शाम

रायगढ़। सतपुड़ा की रानी पचमढ़ी में आयोजित मधुगुंजन नर्मदोत्सव 2026 में भारतीय कला और संस्कृति के विविध रंग देखने को मिले। मधुगुंजन संगीत समिति रायगढ़ एवं वैष्णव संगीत महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सांगीतिक दिवस में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, कोलकाता और तमिलनाडु से पहुंचे कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे उद्घाटन सत्र के साथ हुई। मंच पर कथक, भरतनाट्यम, शास्त्रीय गायन, तबला वादन, सुगम गायन, लोक नृत्य, उपशास्त्रीय नृत्य और सिनेमेटिक नृत्य सहित विभिन्न विधाओं की प्रस्तुतियां हुईं। पूरे आयोजन के दौरान करीब 75 प्रस्तुतियां दी गईं, जिसमें लगभग 120 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। उत्सव में कथक नृत्य की विशेष प्रस्तुतियों ने भी दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। दिशा सिंह ठाकुर, मिष्ठी वैष्णव, श्रद्धा ऋतुपर्णा स्वाइन, यामी वैष्णव, अरण्या गोयल, साईंश्री इजरदार, नृत्या शुक्ला और सान्वी जायसवाल सहित कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में वैष्णव संगीत महाविद्यालय के संचालक शरद वैष्णव, वरिष्ठ कलाविद मनोज श्रीवास्तव, कार्यक्रम अध्यक्ष अजीत स्वाइन, नृत्य गुरु मौलश्री सिंह, निहारिका यादव, रीना अग्रवाल, रोमी अग्रवाल, शिखा अग्रवाल, रचना श्रीवास्तव, सुनैना स्वाइन और रौशनी वैष्णव सहित कला क्षेत्र से जुड़े लोग मौजूद रहे। समापन समारोह में गोपाल दास काबरा, अलकेश जैन, अंतरराष्ट्रीय कथक नृत्यांगना बासंती वैष्णव, रायगढ़ घराने के कला गुरु पंडित सुनील वैष्णव, कलाविद मनोज श्रीवास्तव, आयोजक शरद वैष्णव और अजीत स्वाइन उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में अनंत होलीडेज भोपाल के डायरेक्टर दुर्गेश सेजकर और उनकी टीम के स्वच्छ स्वरूप, विशाल एवं आयुष चौरे का भी सहयोग रहा। आयोजकों ने कहा कि भारतीय शास्त्रीय एवं लोक कलाओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने और कलाकारों को मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ऐसे आयोजनों को आगे भी जारी रखा जाएगा। मधुगुंजन संगीत समिति द्वारा कला एवं संस्कृति के संरक्षण और प्रसार के लिए देश के विभिन्न राज्यों में गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।





ओपी जिंदल विद्यालय की दो समूह ने हासिल किया प्रथम स्थान

इस राष्ट्रीय स्तरीय महोत्सव में विभिन्न राज्यों के विद्यालयों और सांस्कृतिक संस्थाओं ने भाग लिया था। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच ओपी जिंदल विद्यालय, तराईमाल के विद्यार्थियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति से निर्णायक मंडल का मन मोह लिया। विद्यालय ने समूह गान प्रतियोगिता और लोक समूह नृत्य प्रतियोगिता, दोनों में प्रथम स्थान अर्जित किया। प्रतियोगिता के पश्चात विजेता विद्यार्थियों को मुख्य मंच पर विजय चिन्ह और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्राचार्या अलका गोडबोले ने कहा, यह सफलता विद्यार्थियों के निरंतर अभ्यास, अनुशासन और शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम है। हमारे विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में भी अव्वल हैं। यह हमारे लिए गर्व की बात है।



7 व 8 अक्टूबर को रायपुर में राज्यस्तरीय रोजगार मेला

जशपुरनगर। प्रदेश में रोजगार की तलाश कर रहे युवाओं के लिए रायपुर में 7 और 8 अक्टूबर को रोजगार का बड़ा अवसर मिलने जा रहा है। तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग की ओर से बूढ़ापारा स्थित सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में दो दिवसीय राज्यस्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है।

मेले में 10वीं-12वीं पास से लेकर आईटीआई, डिप्लोमा, इंजीनियरिंग, स्नातक तथा एमबीए-एमसीए योग्यताधारी युवाओं के लिए विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। रोजगार मेले में चयनित युवाओं को 8 अक्टूबर को मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय एवं कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री गुरु खुशवंत साहेब द्वारा ऑफर लेटर वितरित किए जाएंगे। रायपुर में सहायक संचालक केदार पटेल ने बताया कि अब तक 85 कंपनियों एवं प्लेसमेंट एजेंसियों से 11 हजार 500 से अधिक रिक्त पदों की जानकारी प्राप्त हुई है। अन्य कंपनियों से भी लगातार संपर्क किया जा रहा है, जिससे उपलब्ध रोजगार अवसरों की संख्या और बढ़ने की संभावना है। मेले में स्थानीय कंपनियों के साथ राष्ट्रीय स्तर की कंपनियां भी युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी। ई-रोजगार पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन की सुविधा-- रोजगार मेले की आवेदन एवं चयन प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए ई-रोजगार पोर्टल का उपयोग किया जा रहा है। इच्छुक युवा अधिकारिक वेबसाइट पर पंजीयन कर घर बैठे उपलब्ध पदों की जानकारी देख सकते हैं तथा अपनी योग्यता के अनुसार पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं। युवाओं के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि 7 अक्टूबर निर्धारित की गई है। पोर्टल पर विभिन्न कंपनियों एवं प्लेसमेंट एजेंसियों की रिक्तियां प्रदर्शित की गई हैं। इससे अभ्यर्थियों को रोजगार मेले में शामिल होने से पहले ही अपनी रुचि और योग्यता के अनुरूप नौकरी के विकल्प चुनने का अवसर मिलेगा। वहीं, नियोजक पोर्टल पर उपलब्ध उम्मीदवारों की प्रोफाइल एवं आवेदन देखकर अपनी आवश्यकता के अनुसार प्रारंभिक चयन भी कर सकेंगे।

- इंजीनियरिंग, एमबीए-एमसीए युवाओं के लिए रोजगार के अवसर
- 11 हजार 500 से अधिक पदों के लिए होगी भर्ती

युवाओं को कौशल और योग्यता के अनुरूप अवसर देने का प्रयास- कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं के सर्वांगीण विकास और उन्हें स्वावलंबी बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। रोजगार मेले के माध्यम से अधिक से अधिक युवाओं को उनकी योग्यता और कौशल के अनुरूप रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है।

ग्रापं जुर्डा में सेवा संकल्प शिविर हितग्राहियों को मिला आवास

रायगढ़। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जनपद पंचायत रायगढ़ के स्कूल प्रांगण जुर्डा में ब्लॉक स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न शासकीय योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया और उन्हें शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में 17 लोगों को आबादी पट्टा का अधिकार अभिलेख पत्र प्रदान किया गया। वीबी जी राम जी योजना के तहत 4 लोगों को जॉब कार्ड दिए गए।

रानी सिनगी दई महिला संगठन में पदाधिकारियों का मनोनयन

जशपुरनगर। राजी पड़हा व्यवस्था के तहत सामाजिक मजबूती और संगठन विस्तार को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस दौरान सर्वसम्मति से 'मूली पड़हा', 'रानी सिनगी दई महिला संगठन मूली पड़हा' तथा 'डाडा पड़हा जशपुर' के पदाधिकारियों का मनोनयन संपन्न हुआ।



इस गरिमामय कार्यक्रम में राष्ट्रीय, राज्य, जिला एवं विकासखंड स्तर से आए 'अतखा पड़हा' के कुड़ुख उरांव परिवार समाज के प्रतिनिधियों और सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजी देवान बसन्त भगत, राजी पड़हा सलाहकार चरकू भगत, करठह शानिचर भगत एवं कहतो पादा पड़हा दिनेश्वर प्रधान उपस्थित रहे। बैठक के दौरान रानी सिनगी दई महिला संगठन के राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष सतमनी भगत, सहसचिव अमलासूचिता भगत, सह कोषाध्यक्ष बलवन्ती खलखो व सदस्य रमनी भगत को नियुक्त किया गया।बैठक में उपस्थित सामाजिक पदाधिकारियों ने नवमनोनीत पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी और समाज की सांस्कृतिक धरोहर, अधिकारों व रीति-रिवाजों के संरक्षण तथा सामाजिक विकास के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन परंपरा के अनुसार 'जय धरम' के उद्घोष के साथ हुआ।

सारंगढ़ जिले में जल्द खुलेगा डाइट कॉलेज, शिक्षा मंत्री ने की घोषणा

सारंगढ़। नवगठित सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के शैक्षणिक विकास को नई उड़ान देने वाली बड़ी सौगात मिली है। 26वीं राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने जिले में लंबे समय से प्रतीक्षित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट कॉलेज की स्थापना की घोषणा की। घोषणा के साथ ही जिले के युवाओं, विद्यार्थियों और शिक्षा जगत में उत्साह की लहर दौड़ गई है।

इस बहुप्रतीक्षित मांग के पूरा होने पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पाण्डेय ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव का जिलेवासियों की ओर से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि डाइट कॉलेज की स्थापना महज एक संस्थान का निर्माण नहीं, बल्कि सारंगढ़ बिलाईगढ़ के शैक्षणिक और बौद्धिक विकास की मजबूत आधारशिला है। संजय भूषण पाण्डेय ने कहा कि डाइट कॉलेज के अस्तित्व में आने से जिले के युवाओं को डीएडए बीएड एवं शिक्षक प्रशिक्षण से जुड़े बेहतर अवसर और गुणवत्तापूर्ण संसाधन अपने ही जिले में उपलब्ध होंगे। अब उन्हें प्रशिक्षण के लिए दूसरे जिलों में जाने की आवश्यकता कम होगी। इससे विद्यार्थियों और उनके परिवारों पर पड़ने वाला आर्थिक बोझ, समय की बर्बादी और आवागमन की परेशानी भी कम होगी।



ग्रामीण प्रतिभाओं के लिए बड़ा अवसर

जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि डाइट कॉलेज का सबसे व्यापक लाभ जिले के ग्रामीण और दूरस्थ अंचलों के युवाओं को मिलेगा। सारंगढ़, बरमकेला और बिलाईगढ़ सहित सुदूर ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्रों के प्रतिभावान विद्यार्थी अब अपने गृह जिले में ही उच्च स्तरीय प्रशिक्षण एवं शैक्षणिक संसाधनों का लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने कहा कि जिले के उन युवाओं के लिए यह घोषणा विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जिनके लिए दूसरे शहरों में जाकर प्रशिक्षण लेना आर्थिक रूप से कठिन होता है। स्थानीय स्तर पर संस्थान उपलब्ध होने से प्रतिभा को अवसर और युवाओं को अपने ही क्षेत्र में आगे बढ़ने का मंच मिलेगा।

बुजुर्गों के चेहरे पर आई मुस्कान अदाणी फाउंडेशन ने बांटे उपकरण

रायगढ़। अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस के अवसर पर अदाणी फाउंडेशन ने सामाजिक सरोकार की एक सराहनीय पहल की है। फाउंडेशन की ओर से तमनार क्षेत्र की रोडोपाली और मिलूपारा ग्राम पंचायतों में विशेष शिविर लगाकर 116 वरिष्ठ नागरिकों को आवश्यकता आधारित सहायक उपकरण वितरित किए गए। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के बुजुर्गों को आत्मनिर्भर बनाना और उनके स्वास्थ्य व सम्मान की रक्षा करना है।



अदाणी फाउंडेशन की इस पहल के तहत वितरित किए गए उपकरणों में वॉकिंग स्टिकए हियरिंग एड और वॉकर शामिल हैं। आधुनिक उपकरणों को पाकर बुजुर्गों के चेहरे खुशी से खिल उठे। लाभार्थियों ने कहा कि इन उपकरणों की मदद से अब वे बिना किसी सहारे के अपनी दैनिक गतिविधियाँ पूरी कर सकेंगे। संस्था द्वारा पारदर्शी तरीके से जरूरतमंदों की पहचान कर उन्हें ये उपकरण सौंपे गए। इसके तहत 116 वरिष्ठ नागरिक लाभार्थी बने। इनमें से रोडोपाली ग्राम पंचायत से 35 और मिलूपारा ग्राम पंचायत से 81 बुजुर्ग शामिल हैं। इससे पहले भी मुडागांव में 30 बुजुर्गों को यह सहायता पहुँचाई जा चुकी है। वितरण कार्यक्रम में स्थानीय सरपंच, उपसरपंच और प्रबुद्ध नागरिकों ने हिस्सा लिया। अतिथियों ने अदाणी फाउंडेशन के इस प्रयास को सामुदायिक विकास की दिशा में एक मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों को सम्मानजनक जीवन देना पूरे समाज का दायित्व है और ऐसे आयोजनों से समाज में संवेदनशीलता का संचार होता है। कार्यक्रम में अदाणी फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने बताया कि बुजुर्ग हमारे मार्गदर्शक हैं।

बाढ़ प्रभावितों के बीच पहुंचे वित्त मंत्री ग्रामवासियों से मुलाकात कर सुनी समस्याएं

रायगढ़। वित्त मंत्री ओपी चौधरी पुसौर विकासखंड के हाल में ही बाढ़ प्रभावित ग्राम पंचायत पुसौर तहसील के ग्राम पंचायत पड़ीगांव एवं सूरजगढ़-नवापाली पहुंचे। जहां उन्होंने प्रभावित ग्रामवासियों, किसानों व मछुवारों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को जाना। इसके साथ ही मौके पर उपस्थित अधिकारियों को प्रभावित किसानों व ग्रामवासियों को उचित मुआवजा सहित स्वास्थ्यगत सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए।

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने बाढ़ से फसल खराब होने वाले किसानों से चर्चा कर उनके नुकसान की जानकारी ली। उन्होंने उन मछुआरों से भी मुलाकात की जिनकी नाव बाढ़ में बह गई है। वित्त मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को प्रभावित किसानों, मछुआरों एवं अन्य ग्रामीणों को नियमानुसार मुआवजा दिलाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने तथा सर्पदंश की स्थिति को देखते हुए एंटी स्नेक वेनम की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान प्रभावित ग्रामवासियों ने क्षेत्र की अन्य समस्याओं से भी वित्त मंत्री को अवगत कराया और इन समस्याओं के समाधान की मांग भी की। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने उनकी समस्याएं सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई कर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

सीएमओ को ज्ञापन सौंप की व्यवस्था दुरूस्त करने की मांग

सड़क, सफाई व बिजली पानी को लेकर कांग्रेस ने खोला मोर्चा

खरसिया। सड़क, सफाई, बिजली और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं की नगर में बदहाल स्थिति को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर खरसिया ने पैदल मार्च किया। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर के अध्यक्ष सुनील शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता शांतिपूर्ण तरीके से पैदल मार्च करते हुए नगर पालिका कार्यालय पहुंचे और मुख्य नगर पालिका अधिकारी नीतु अग्रवाल से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

पैदल मार्च की शुरुआत शहीद स्मारक स्थल के सामने स्थित रेस्ट हाउस परिसर से हुई। कांग्रेस कार्यकर्ता पैदल मार्च करते हुए नगर पालिका कार्यालय पहुंचे। यहां प्रतिनिधिमंडल ने सीएमओ नीतू अग्रवाल को ज्ञापन सौंपते हुए नगरवासियों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग रखी। इस दौरान कांग्रेस ने कहा है कि नगर के विभिन्न हिस्सों में लंबे समय से सड़क, सफाई, स्ट्रीट लाइट और पेयजल से जुड़ी समस्याएं बनी हुई हैं। मुख्य सड़कों की स्थिति को लेकर कहा गया कि रेलवे स्टेशन से गांधी चौक तक सड़क कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त है और अग्रसेन भवन के आगे गड्ढों के कारण लोगों को परेशानी हो रही है। गांधी चौक से राठौर चौक होते हुए हेमू कल्याणी चौक तक सड़क की स्थिति भी खराब होने का उल्लेख ज्ञापन में किया गया है। इसके अलावा पोस्ट ऑफिस से बस्ती चौक होते हुए सब्जी मार्केट जाने वाली सड़क तथा विभिन्न वार्डों की आंतरिक सड़कों की खराब स्थिति की ओर भी ध्यान आकृष्ट कराया गया है। हमालपारा के वार्ड क्रमांक 4 और 5 की सड़कों को लेकर भी शिकायत दर्ज कराई गई है। पिछले करीब छह माह से खराब पड़े बोरों की मरम्मत नहीं कराई जा रही है।



सफाई व्यवस्था में सुधार की मांग

सफाई व्यवस्था को लेकर भी सवाल ज्ञापन में कांग्रेस ने नगर की सफाई व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि कई वार्डों में जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हुए हैं, जिससे मच्छर और बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। पुरानी बस्ती, ठाकुरदिया, हमालपारा, गंज पीछे और झाड़ू क्षेत्र सहित अन्य स्थानों पर नियमित सफाई नहीं होने का आरोप लगाया गया। स्ट्रीट लाइट और पेयजल की समस्या कांग्रेस ने वार्डों में खराब एवं अनुपलब्ध स्ट्रीट लाइट की समस्या भी उठाई। ज्ञापन में कहा गया कि कई स्थानों पर खंभों में स्ट्रीट लाइट नहीं होने से रात के समय अंधेरा रहता है।

राम सप्ताह में एसएसपी हुए शामिल



खरसिया। नगर में आयोजित राम सप्ताह के चौथे दिन मंदिर परिसर में भक्ति और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला। सियाराम सखा मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चे और युवा शामिल हुए। बच्चों ने श्री हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया, भजनों में प्रस्तुतियां दीं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह शामिल हुए। आयोजन समिति एवं बच्चों द्वारा उनका स्वागत किया गया। स्वागत के दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह ने कहा कि यहां आकर बच्चों और युवाओं की भक्ति देखकर उन्हें अलग तरह का अनुभव हो रहा है। उन्होंने सियाराम सखा मंडल से जुड़े युवाओं की सराहना करते हुए कहा कि वे अपनी संस्कृति और सनातन परंपरा को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने अपने संबोधन में कैप्टन स्मिथ का उदाहरण देते हुए हनुमान चालीसा की आस्था और शक्ति का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि हनुमान चालीसा से जुड़ी आस्था और उसके प्रभाव का उदाहरण लोगों के सामने है। साथ ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह ने कहा अंकित अग्रवाल मनोज गोयल सहित सभी युवा साथियों को सनातन धर्म को आगे लाने और सामाजिक कार्यों में भी निरंतर योगदान को सराहा। राम सप्ताह के दौरान बच्चों की सहभागिता आयोजन का विशेष आकर्षण रही।

